दिन– गुरुवार

दिनांक– 28 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने रेहड़ी–पटरी विक्रेताओं के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और दो हजार तीस तक विस्तार को मंजूरी दी। भागलपुर से जमालपुर तक तीसरी रेल लाईन के निर्माण को भी मिली स्वीकृति।

02. बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने भागलपुर के पीरपैंती में राज्य के सबसे बड़े बिजली घर के निर्माण को मंजूरी दी। दो हजार चार सौ मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन।

03. राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने कहा–जमीन के अवैध कब्जा मामले में फर्जी दस्तावेज पाये जाने पर आपराधिक मामला चलेगा।

04. और, भोजपुर, मधुबनी, खगड़िया, औरंगाबाद और पूर्वी चम्पारण जिले से एक ही दिन में छह सरकारी कर्मियों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने प्रधानमंत्री रेहड़ी–पटरी विक्रेता आत्मनिर्भर निधि – पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन को स्वीकृति दे दी है। मंत्रिमंडल ने इकतीस दिसंबर दो हजार चौबीस से आगे की अवधि के विस्तार का भी अनुमोदन किया। इसे अब इकतीस मार्च, दो हजार तीस तक बढ़ा दिया गया है। योजना का कुल परिव्यय सात हजार तीन सौ बत्तीस करोड़ रुपये है। ब्योरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

इस पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नए लाभार्थियों सहित 1.15 करोड़ लाभार्थियों को लाभ देना है, इस योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग पर संयुक्त रूप से रहेगी। पुनर्गठित योजना की प्रमुख विशेषताओं में पहली और दूसरी किस्त में बड़ी हुई ऋण राशि दूसरा ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों के लिए यूपीआई लिंक्ड रुपए क्रेडिट कार्ड का प्रावधान और खुदरा और थोक लेनदेन के लिए डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन शामिल है। यूपीआई लिंक्ड रुपए क्रेडिट कार्ड की शुरुआत से स्ट्रीट वेंडरों को किसी भी आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तत्काल ऋण उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा डिजिटल प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए स्ट्रीट मंडल खुदरा और थोक लेनिन पर 1600 रूपए तक के कैशबैक प्रोत्साहन का लाभ उठा सकते हैं। सरकार ने कोविड–19 महामारी के दौरान अभूतपूर्व कठिनाइयों का सामना करने वाले रेहडी–पटरी वालों की सहायता के लिए 1 जून 2020 को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की थी। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

मंत्रिमण्डल की आर्थिक कार्य समिति ने भागलपुर से जमालपुर तक तीसरी रेल लाईन के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसके निर्माण पर एक हजार एक सौ छप्पन करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इस परियोजना को तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है। तीसरी रेललाईन के निर्माण हो जाने से इस मार्ग पर ट्रेन यात्रा सुगम होगी और माल ढुलाई की क्षमता भी बढ़ेगी।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री जन धन योजना को आज ग्यारह वर्ष पूरे हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पन्द्रह अगस्त दो हजार चौदह को लाल किले की प्राचीर से इस पहल की घोषणा की थी। अट्ठाईस अगस्त को कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने इस अवसर को गरीबों की दुष्चक्र से मुक्ति का उत्सव बताया था। एक रिपोर्ट...

———बाईट———

————————————————————————————

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने पूरे देश के स्कूलों से पांच से पन्द्रह वर्ष के बच्चों के लिए समय पर आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने को कहा है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश कुमार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इस पहल से अवगत कराया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से——

———बाईट———

————————————————————————————

बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने भागलपुर के पीरपैंती में प्रस्तावित राज्य के सबसे बड़े बिजली घर के निर्माण को मंजूरी दे दी है। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि पीरपैंती में आठ सौ मेगावाट की तीन इकाई वाले ऊर्जा संयंत्र की स्थापना होगी। यहां से कुल दो हजार चार सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। श्री यादव ने कहा कि इस परियोजना के जरिये बिहार में अब तक का सबसे अधिक निवेश होगा।

————————————————————————————

राज्य सरकार ने केन्द्र से बुनियादी ढांचा कोष, सीआरआईएफ की पन्द्रह सड़क परियोजनाओं को मंजूर करने का अनुरोध किया है। इस योजना के तहत राज्य में एक हजार एक सौ करोड़ रूपये की लागत से दो सौ छब्बीस किलोमीटर सड़क का निर्माण होना है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में मुलाकात कर इन परियोजनाओं को शीघ्र मंजूर करने का अनुरोध किया।

————————————————————————————

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा है कि औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा के बाद अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार के अवसर प्रदान करने में सहायता मिलेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने

कहा कि इस पैकेज के तहत उद्योगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक करोड़ रूपये तक का प्रोत्साहन मिल सकेगा। श्री मिश्रा ने कहा कि मुफ्त भूमि और वित्तीय प्रोत्साहन के साथ कौशल विकास के लिए प्रति कर्मचारी बीस हजार रूपये तक प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। उद्योग मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इस ऐतिहासिक पहल से बिहार न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर एक औद्योगिक शक्ति के रूप में उभरेगा।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने कहा है कि जमीन के अवैध कब्जा मामले में फर्जी दस्तावेज पाये जाने पर आपराधिक मामला चलेगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे मामलों में संदेह होने पर या पुलिस संज्ञान में आने पर दस्तावेजों की गहन जांच करवाई जायेगी। उन्होंने कहा कि फर्जी दस्तावेजों और बलपूर्वक दूसरों का कब्जा हटाकर प्रवेश करने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी। श्री सिंह ने बताया कि इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्त, आईजी, डीआईजी, समाहर्ता, एसएसपी और एसपी को पत्र भेज दिया गया है।

———————————————————————

न्यायमूर्ति पी.बी. बजन्थरी पटना उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश होंगे। इस संबंध में केन्द्रीय विधि मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किये जाने के बाद न्यायमूर्ति पी.बी. बजन्थरी को कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

———————————————————————

राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां ने राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों में प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए परिनियम को मंजूरी दे दी है। अब इन दोनों पदों के लिए चयन साक्षात्कार के जरिये होगा। इनकी नियुक्तियां बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की अनुशंसा पर की जायेंगी।

———————————————————————

भोजपुर, मधुबनी, खगड़िया, औरंगाबाद और पूर्वी चम्पारण जिले से एक ही दिन में छह सरकारी कर्मियों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने भोजपुर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी गुलाम सरवर और एक शिक्षक कादिर हुसैन अंसारी को एक लाख रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। वहीं,

निगरानी ने मधुबनी में एमएसएमई मित्र मोशाहिद खान को पन्द्रह हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। खगड़िया से निगरानी की टीम ने राजस्व कर्मचारी सत्येन्द्र सिंह को बीस हजार रूपये घूस लेते गिरफ्तार किया। वहीं, निगरानी जांच ब्यूरो ने औरंगाबाद नगर थाना में पदस्थापित दारोगा उमेश राम को बीस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दूसरी तरफ पूर्वी चम्पारण जिले के संग्रामपुर थाना में पदस्थापित दारोग मशरूल आलम को पुलिस ने वाहन जांच के दौरान रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक परम्पराओं की अवहेलना करने का आरोप लगाया है। वोटर अधिकार यात्रा के दौरान सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुये श्री गांधी ने कहा कि वे जल्द ही वोट चोरी के आरोपों को सबूतों के साथ पेश करेंगे। सभा को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, भाकपा—माले के दीपंकर भट्टाचार्य और वीआईपी के मुकेश सहनी ने भी संबोधित किया।

———————————————————————

एनडीए के विधानसभावार कार्यकर्ता सम्मेलन का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। यह चरण तीस अगस्त तक चलेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए एनडीए नेताओं की चौदह टीमें बनायी गयी हैं। इस टीम में गठबंधन के सभी घटक दलों के नेता शामिल हैं। आज बरारी, पिपरा, बेलदौर, मोरवा, राजपुर, फारबिसगंज, गरखा और आरा में सम्मेलन होगा।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई जगहों पर मूसलाधार बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज उत्तर—पूर्व और उत्तर—पश्चिम भागों के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

———बाईट———

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के बलथर थाना क्षेत्र के सोनरा टोला से पुलिस और एसएसबी की टीम ने छह करोड़ छब्बीस लाख रूपये मूल्य की चरस बरामद की है। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

गयाजी के इमामगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत फतेहपुर के लगुरदाह धाम में एसटीएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाकर एके सैंतालीस राईफल और एक सौ पचहत्तर कारतूस बरामद किया है। वहीं, जिले के बोधगया थाना क्षेत्र से एसटीएफ ने कुख्यात अपराधी विनोद पासवान को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पटना के शाहपुर थाने के बाबूचक दुखी टोला में पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

गयाजी के गरूआ स्थित पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक मिथिलेश चौधरी को उत्तर प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शाखा प्रबंधक पर उत्तर प्रदेश के शामली में पदस्थापन के दौरान एक करोड़ पचहत्तर लाख रूपये की अवैध निकासी का आरोप है।

———————————————————————————

जहानाबाद स्थित पर्यवेक्षण गृह से चौबीस बालक फरार हो गये। इनमें से चार को सकुशल बरामद कर लिया गया है, जबकि बीस अन्य बच्चों की तलाश जारी है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है— जम्मू—कश्मीर में एक सौ पन्द्रह वर्षों के दौरान सर्वाधिक बारिश, वैष्णो देवी में तबाही, अब तक चौंतीस मरे। **दैनिक जागरण** लिखता है— भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत के दरवाजे खुले। मिल रहे हैं, सकारात्मक संकेत, अमेरिकी वित्त मंत्री बोले अन्ततः हम साथ आयेंगे। **प्रभात खबर** ने लिखा है— बीपीएससी को जल्द भेजी जायेगी टीआरई—फोर की रिक्तियां। **दैनिक भास्कर** ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है— युद्ध दो माह चले या पांच साल, सेना पूरी तरह तैयार रहे। **राष्ट्रीय सहारा** ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को अपनी प्रमुख सुर्खी बनाते हुये लिखा है— गुजरात मॉडल कोई आर्थिक नहीं वोट चोरी का मॉडल है। **आज अखबार** की सुर्खी है— भारत राष्ट्र मंडल खेल दो हजार तीस की दावेदारी करेगा।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने रेहड़ी–पटरी विक्रेताओं के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और दो हजार तीस तक विस्तार को मंजूरी दी। भागलपुर से जमालपुर तक तीसरी रेल लाईन के निर्माण को भी मिली स्वीकृति।

02. बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने भागलपुर के पीरपैंती में राज्य के सबसे बड़े बिजली घर के निर्माण को मंजूरी दी। दो हजार चार सौ मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन।

03. राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने कहा–जमीन के अवैध कब्जा मामले में फर्जी दस्तावेज पाये जाने पर आपराधिक मामला चलेगा।

04. और, भोजपुर, मधुबनी, खगड़िया, औरंगाबाद और पूर्वी चम्पारण जिले से एक ही दिन में छह सरकारी कर्मियों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।